A/10

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

**पीठासीन अधिकारी— राजेश सुवालका (आर.ए.एस.)**

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 95/2025 | 26.05.2025 | 05.06.2025 |

अनवान

1. रतनलाल पुत्र रूपा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

प्रार्थीगण

बनाम

1. शंकरलाल पुत्र उंकार जाति सरगरा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. रामलाल पिता हीरा जाति सरगरा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. बालु पिता उंकार जाति सरगरा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. गीता पिता चुन्ना जाति सरगरा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
5. नारायण पिता नाथु जाति जाट आयु वयस्क निवासी हथियाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
6. रामेश्वर पिता नाथु जाति जाट आयु वयस्क निवासी हथियाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
7. रूकमणी पत्नी नानालाल जाति खटीक आयु वयस्क निवासी हथियाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
8. सत्यनारायण पिता देवजी जाति लोदा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
9. मदनलाल पिता देवजी जाति लोदा आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
10. जमनालाल पिता मोहन जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
11. नारायण पिता मोहन जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
12. छालीबाई पुत्री रूपा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
13. झमकुबाई पुत्री रूपा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौड़गढ।
14. कन्ना पुत्र चुना जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
15. पन्ना पुत्र चुना जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
16. अमरचन्द पुत्र हीरा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
17. कैलाश चन्द्र पुत्र शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील

सहायक कलक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ

कपासन जिला चित्तौडगढ।

18. गेहरूलाल पुत्र हीरा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
19. गोपी पुत्र हीरा जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
20. चान्दीबाई पुत्री शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
21. भैरूलाल पुत्र शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
22. मन्जु पुत्री शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
23. मुन्ना पुत्री शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
24. शंकरी बाई पत्नी शंकर जाति जाट आयु वयस्क निवासी कीरखेडा उर्फ भगवतनगर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

**अप्रार्थीगण**

उपस्थितिः— अधिवक्ता श्री नन्दकिशोर चौहान — प्रार्थी

एकतरफा — अप्रार्थीगण

**—:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम::—**

**—:: निर्णय ::—**

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा कीरखेडा उर्फ भगवतनगर पटवार हल्का हथियाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074—2077 के खाता संख्या 90 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 2778, 2782, 2784 कुल किता 03 कुल रकबा 1.98 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 144 की आराजी संख्या 2258, 2259, 2260, 2261, 2262, 2773, 2776, 2777 कुल किता 08 कुल रकबा 1.85 हैक्ट0, खाता संख्या 127 के हाल आराजी संख्या 2248, 2249, 2250, 2255, 2256, 2257, 2779, 2780, 2781, 2783, 2915/2255 कुल किता 11 कुल रकबा 2.14 हैक्ट0 कृषि भूमि प्रार्थी के सह खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है, और अप्रार्थीगण आराजियात जैर—बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थी की खातेदारी की आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा—चिन्ह स्थापित किया जावें। प्रार्थी वर्णित भूमि के सहखातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। आज दिनांक को अप्रार्थीगण के बाजवूद सूचना के हाजिर नहीं आने से विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा किये जाने का आदेश दिया गया। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

उपखण्ड अधिकारी, कपासन • जिला चित्तौडगढ

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ

हमने पत्रावली का आद्योपान्त अवलोकन किया। प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थी आराजियात जैरबहस के सहखातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर–बहस की नपती करा पत्थरगढी कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थी प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के सहखातेदार काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है कि प्रार्थी की सहखातेदारी की आराजीयात मौजा कीरखेडा उर्फ भगवतनगर पटवार हल्का हथियाना तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074–2077 के खाता संख्या 90 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 2778, 2782, 2784 कुल किता 03 कुल रकबा 1.98 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 144 की आराजी संख्या 2258, 2259, 2260, 2261, 2262, 2773, 2776, 2777 कुल किता 08 कुल रकबा 1.85 हैक्ट0, खाता संख्या 127 के हाल आराजी संख्या 2248, 2249, 2250, 2255, 2256, 2257, 2779, 2780, 2781, 2783, 2915/2255 कुल किता 11 कुल रकबा 2.14 हैक्ट0 कृषि भूमि फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो, किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलन्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावे। पत्थरगढी हेतु भू0अभि0निरी0 हथियाना को 1000/– रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका एवं मौका नक्शा इस न्यायालय में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करें। पालनार्थ तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 05.06.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजेश पोरवाल)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ़